C M Y K

रायगढ़, शुक्रवार
25.5.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी पति सुरक्षित कराएं।

एक नजर.....

छत्तीसगढ़, झारखंड, बंगाल, यूपी समेत नक्सल इलाकों में लगेंगे चार हजार टावर

रायपुर। नक्सल इलाकों में दूरसंचार सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार चार हजार से ज्यादा मोबाइल टावर

स्थापित करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस बाबत गृह मंत्रालय द्वारा लाए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कुल 4072 मोबाइल टावरों में 1054 टावर झारखंड, 1028 छत्तीसगढ़, 483 ओडिशा, 429 आंध्र प्रदेश, 412 बिहार, 207 पश्चिम बंगाल, 179 उत्तर प्रदेश, 136 महाराष्ट्र, 118 तेलंगाना तथा 26 टावर मध्य प्रदेश में लगाए जाएंगे। इनका खर्च यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (यूएसओएफ) के तहत दूरसंचार विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। इस कोष का मकसद ग्रामीण तथा सुदूरवर्ती इलाकों में गुणवत्तापूर्ण सूचना एवं संचार सेवाओं की व्यापक एवं भेदभाव रहित पहुंच सुनिश्चित करना है।

ठेकेदार का अपहरण कर हत्या करने वाले पांच नक्सली गिरफ्तार

जगदलपुर (आरएनएस)। जिले की किस्टाराम थाना पुलिस ने माह भर पूर्व निर्माणाधीन सड़क कार्य में लगी वाहन को जलाने तथा ठेकेदार का अपहरण कर हत्या में शामिल पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है।

सुकमा एसपी अभिषेक मीणा ने बताया कि किस्टाराम थाना क्षेत्र के ग्राम धर्ममेंटा-पैदागुड़ेम के मध्य सड़क निर्माण के दौरान आगजनी की घटना को अंजाम देने तथा ठेकेदार का अपहरण कर दो दिन बाद उसकी हत्या करने में शामिल पांच नक्सलियों को जिला बल, डीआरजी, एसटीएफ, सीआरपीएफ व कोबरा की संयुक्त पार्टी द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार माओवादियों में डीएकेएमएस मेंबर मुचाकी देवा पिता स्व. मुचाकी राम 35 वर्ष निवासी रामपुरम थाना गोलापल्ली के अलावा मिलिशिया मेंबर मड़कम दुला पिता मड़कम हुंगा 25 वर्ष, वंजम हुंगा पिता स्व. वंजम कोसा 26 वर्ष, पोड़ियामी भीमा पिता स्व. पोड़ियामी देवा 22 वर्ष तथा माड़वी जोगा पिता माड़वी हिड़मा 25 वर्ष निवासी ग्राम वंजलवाही थाना गोलापल्ली शामिल है। गिरफ्तार सभी माओवादियों को बुधवार को सुकमा न्यायालय में पेश किया गया जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

निपाह वायरसः एक ही परिवार के चौथे सदस्य की मौत, मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हुई

तिरुअनंतपुरम (आरएनएस)। केरल में निपाह वायरस से मरने वालों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। गुरुवार को 62 साल के वालाचेकुट्टी वासा का कोझिकोड में निधन हो गया है। वो पिछले तीन हफ्ते से अस्पताल में भर्ती थे। मूसा के अलावा उनके बेटे मोहम्मद सल्याह (28), मोहम्मद सादिक (26) और उनके भाई की पत्नी मरियम (50) की मौत भी इसी वायरस से हुई है। इन्हीं का इलाज करते हुए नर्स लिनी भी इस दुनिया में नहीं रहीं। आपको बता दें कि केरल में निपाह वायरस से मौतों के बाद फैली दहशत के बीच बुधवार को केंद्रीय टीम ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के साथ संक्रमित स्थल का दौरा किया। टीम ने यहां एक कुएं की खोज की जिसमें बड़ी संख्या में चमगादड़ थे। ऐसा माना जा रहा है कि इसी कुएं का पानी पीने से लोग वायरस की चपेट में आए। केरल सरकार ने लोगों से चार उत्तरी जिलों कोझिकोड, मलपुरम, वयनाड और कन्नूर में जाने से बचने को कहा है। स्वास्थ्य सचिव राजीव सदानंदन ने कहा, राज्य के बाकी हिस्से में जाना सुरक्षित है। स्वास्थ्य मंत्री केके शैलजा ने कहा कि सांसद, विधायक और अन्य प्रतिनिधि व विभिन्न दलों के नेता मामले को लेकर बैठक करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में निपाह वायरस के प्रकोप को काबू में कर लिया गया है और घबराने की जरूरत नहीं है।

उत्तरी बगदाद में आत्मघाती हमले में सात लोगों की मौत, 16 घायल

बगदाद (आरएनएस)। बगदाद के एक पार्क में आज एक आत्मघाती हमले में एक पुलिसकर्मी सहित कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी। इराकी सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और आपात कर्मचारियों ने आत्मघाती हमलावर को पार्क में प्रवेश करते समय रोकने का प्रयास किया लेकिन पकड़े जाने से पहले ही उसने विस्फोट कर खुद को उड़ा लिया। यह हमला उत्तरी बगदाद के मुख्यरूप से शिया बहुल जिले शोअला में हुआ। इस हमले में कम से कम 16 लोग घायल हो गए हैं। 17 मई से रमजान का पाक महीना शुरू हाने के बाद से बगदाद में यह पहला हमला है। अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी। अभी तक किसी ने भी इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

पार्टी ने किया निराश, कांग्रेस और जेडी (एस) को एकजुट रखने वाला चेहरा नाराज

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक में एचडी कुमारस्वामी के शपथ ग्रहण समारोह में जहां गैर-बीजेपी दलों के नेताओं और कांग्रेस-जेडी (एस) एकता का शो देखने को मिला, वहीं इनमें एक बड़ा चेहरा निराश है। यह चेहरा हैं कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार, जिन्होंने कांग्रेस-जेडी (एस) गठबंधन में न सिर्फ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बल्कि विधायकों को भी गठबंधन में रोककर रखा। वह निराश हैं कि उनके काम के बावजूद पार्टी या गठबंधन ने उन्हें महत्व नहीं दिया। शिवकुमार के करीबी सूत्रों का कहना है कि वह परेशान हैं क्योंकि कांग्रेस



हाइकमान ने उनके काम के लिए तत्काल इनाम के तौर पर कोई पद नहीं दिया। उन्हें उम्मीद थी कि राज्य कांग्रेस इकाई का नेतृत्व अब उनके जिम्मे सौंपा जा सकता है क्योंकि जी. परमेश्वर के डेप्युटी सीएम के रूप में शपथ लेने के साथ ही यह पद खाली हो रहा था।

बयान में छलका दर्द

कहा तो यह भी जा रहा है कि गुस्से में शिवकुमार अपने सभी समर्थकों और बेंगलुरु ग्रामीण से सांसद अपने भाई डीके सुरेश के साथ मंगलवार रात ही होटेल हिल्टन से चले गए जहां कांग्रेस विधायतों को ठहराया गया था। हालांकि उन्होंने बाद में स्थिति को संभालने की कोशिश की और कहा कि मैं करीब एक महीने से घर नहीं गया था और थोड़ा आराम चाहता था इसलिए होटेल छोड़ा। उनके सार्वजनिक बयान में भी उनका दर्द छलका। शिवकुमार ने मीडिया से कहा, 'क्या यह उनके लिए समान है कि जो एक सीट जीतें या जो राज्य में जीत हासिल करें? परमेश्वरा पिछले आठ साल से केपीसीसी चीफ रहे हैं। कुछ समय से वह कह रहे थे कि वह पद छोड़ेंगे। आठ साल से कई नेता इस पद के लालच में इसके खाली होने का इंतजार कर रहे हैं। मैं ऐसे लोगों में से नहीं हूं।' उन्होंने कहा, 'हर चीज का एक मुहूर्त होता है और वक्त आता है। मैं राजनीति में संन्यास लेने नहीं आया हूं और मैं फुटबॉल नहीं शतरंज खेलूंगा। पार्टी को फैसला लेने दें कि मुझे क्या करना है, मैं सिर्फ देखूंगा और इंतजार करूंगा।'

प्रधानमंत्री मोदी से मिले नीदरलैंड के पीएम मार्क रूट

नई दिल्ली (आरएनएस)। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट दो दिवसीय दौरे पर आज भारत पहुंच गए हैं। पीएम मोदी ने रूट से हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। मार्क रूट अपने उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आए हैं। पीएम मोदी और मार्क रूट की बीच आज द्विपक्षीय बैठक होगी। बैठक के दौरान कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। भारत पहुंचने पर नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रूट ने हिंदी भाषा में ट्विटर पर लिखा, 'सुंदर भारत में आकर बेहद खुशी हुई। पिछले 7 दशकों से नीदरलैंड और भारत के बीच बहुत ही नजदीकी सम्बन्ध रहे हैं, जो समय के साथ और मज़बूत हुए हैं। पीएम मोदी से मुलाकात के लिए उत्सुक हूँ। पीएम मोदी ने रूट के एस ट्वीट का जवाब उन्हीं की भाषा में देते हुए लिखा, 'भारत में आपका स्वागत है

प्रधानमंत्री जी। मैं हमारी बीच होने वाली वार्ता का इंतजार कर रहा हूं'। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रूट होटल ताज में व्यापार प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेंगे और फिर होटल आइटीसी मौर्य में स्वच्छ गंगा कार्यक्रम में भाग लेंगे।

रूट हैदराबाद हाउस में सीइओ गोलमेज सम्मेलन में भी भाग लेंगे। इसके बाद वह 2:30 बजे प्रेस वक्तव्य पर हस्ताक्षर करेंगे।

बंगाल में पीएम मोदी, शेख हसीना व ममता कल करेंगी बांग्लादेश भवन का उद्घाटन

कोलकाता (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शुक्रवार को पश्चिम बंगाल पहुंच रहे हैं। उसी दिन मोदी विश्व भारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन में दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे तथा बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ वहां तैयार हुए बांग्लादेश भवन का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगी। विश्व भारती के दीक्षांत समारोह के बाद बांग्लादेश भवन का आनुष्ठानिक उद्घाटन होगा। इसके बाद दोनों प्रधानमंत्री द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी विश्वभारती के कुलाधिपति के रूप में पहली बार इस विश्वविद्यालय की यात्रा पर आ रहे हैं। विश्वभारती का आखिरी वार्षिक दीक्षांत समारोह 2013 में हुआ था।

तिहाड़ जेल में कैदी की गला दबाकर हत्या

नई दिल्ली (आरएनएस)। कारागार में कैदियों के सरदार को एक नए कैदी ने सेवा करने से मना कर दिया जिसकी मूल्य उसे अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। मामला तिहाड़ कारागार के रोहिणी कैंपस का है जहा आधी रात को एक विचाराधीन कैदी की गला दबाकर मर्डर सिर्फ इसलिए कर दी गई कर दी गई क्योंकि उसने कैदियों के 'लीडर' को कोल्ड ड्रिंक परोसने से मना कर दिया था। पुलिस को वारदात की जानकारी आंबेडकर हॉस्पिटल से मिली। मृत शरीर को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया गया व पुलिस मर्डर का केस दर्ज कर जांच कर रही है। साथ ही कारागार वॉर्डन व प्रशासन से भी पूछताछ की जा रही है। कारागार में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच के बाद हकीकत का सामने आने की उम्मीदे है ।

पुलिस ने मृतक के साथ बंद तीन कैदियों को गिरफ्तार किया है । किशन नाम के कैदी पर मर्डर का आरोप है।

हत्या के केस में बंद किशन ने पवन से कोल्ड ड्रिंक परोसने को बोला, जिसके लिए पवन ने मना कर दिया, दोनों के बीच झगड़ा हुआ व किशन ने गला घोंटकर मर्डर कर दी। पवन के बड़े भाई विष्णु ने बताया कि पवन रोहिणी कारागार के वार्ड नंबर दो में सजा काट रहा था । 25 मई को वह पवन से मिलने जाने वाले थे।

ओडिशा में बिगड़ा मौसम, झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त

भुवनेश्वर (आरएनएस)। काल बैशाखी के प्रभाव से राजधानी भुवनेश्वर समेत राज्य के कई जिलों में बुधवार सुबह से हवा के साथ झमाझम बारिश से एक तरफ जहां मौसम सुहाना हो गया है तो वहीं दूसरी तरफ कई निचले इलाकों में जल जमाव से लोगों को परेशानी का भी सामना करना पड़ा है। जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह सुबह काले घनघोर बादल छा गए और कुछ ही क्षण में बिजली की गड़गड़ाहट के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश दोपहर 12 बजे तक होती रही। भुवनेश्वर के कटक रोड में जयदेव विहार, आचार्य विहार, इस्कान मंदिर, श्रीया चौक जैसी जगहों पर लोगों को घुटने भर पानी में जाने को मजबूर होना पड़ा है। स्मार्ट सिटी भुवनेश्वर में रसुलगड़ चौक से पहले एवं बमीखाल ओवरब्रीज के दोनों तरफ स्थिति अत्यंत ही दयनीय थी।

वन विभाग का एसडीओ घूस लेते चढ़ा एसीबी के हत्थे

गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने आज फारेस्ट विभाग के एसडीओ को घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। गरियाबंद के मैनपुर में तैनात फारेस्ट विभाग के एसडीओ का नाम आरपी दुबे बताया जा रहा है।

सूत्रों की माने तो मनरेगा के भुगतान में एवज में वन विभाग के एसडीओ ने घूस की ये रकम मांगी थी। जानकारी के अनुसार सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र में हुए मनरेगा के तहत निर्माण कार्य कराया गया था, लेकिन उसका भुगतान लंबे समय से लंबित था। जब लंबित भुगतान के संदर्भ में ठेकेदार ने एसडीओ आरपी दुबे से संपर्क किया तो उसने रिश्वत की मांग की। हालांकि मान-मनौव्वल के बाद रिश्वत की रकम एक लाख रूपए तय की गई। रकम को लेकर भी लगातार दबाव ठेकेदार पर बनाया जा रहा था, जिसके बाद ठेकेदार ने एसीबी से संपर्क किया। एसीबी ने शिकायत सही पाए जाने पर तय रकम देकर ठेकेदार को भेजा। एसडीओ ने रकम लेकर अपने सरकार आवास पर बुलाया और फिर रकम लेते ही एसीबी की टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों ने बताया कि यशवंत साहू निवासी ग्राम कसरूडीह थाना पांडुका जिला गरियाबंद का रहने वाला है। वन विभाग द्वारा ग्राम जांगड़ा में सड़क का विशेष मरम्मत कराया गया था। यशवंत ने मुरुम एवं मिट्टी ढुलाई का कार्य किया था, जिसके एवज में उसे लगभग 17 लाख 72000 की राशि का भुगतान होना था। प्रार्थी ने इसके लिए आरोपी आरपी दुबे सहायक संचालक उर्दति सीतानदी टाइगर रिजर्व, मैनपुर जिला गरियाबंद से संपर्क किया था।

बैल के पेट से निकला 85 किलो प्लास्टिक

पुणे (आरएनएस)। महाराष्ट्र सरकार ने भले ही प्लास्टिक बैग्स पर बैन लगा दिया हो लेकिन अभी भी आम लोगों द्वारा इस्तेमाल प्लास्टिक बैग्स यूं ही सड़कों पर पड़े रहते हैं और जानवर इसे निगल रहे हैं।

पिछले महीने पिंपरी-चिंचवाड़ से लाए गए एक बैल के पेट में 85 किलोग्राम प्लास्टिक मिला है। बैल को बचा तो लिया गया, लेकिन ऐनिमल ऐक्टिविस्ट्स के मुताबिक जानवरों के सिर से खतरा टला नहीं है। ऐक्टिविस्ट्स का दावा है कि बीफबैन के बाद से जानवरों की ऐसी ही हालत है। किसान पहले जरूरत के बाद जानवरों को बेच देते थे। उनका ध्यान रखा जाता था। अब कोई उन्हें खरीदता नहीं। ऐसे में वे भटकते हैं। पिंपरी से बताए गए बैल के पेट से न सिर्फ प्लास्टिक बल्कि मेटल, कीलें, स्क्रू और कांच तक निकला।

जंगल में आग पर काबू पाने के बाद दोबारा शुरू हुई वैष्णो देवी यात्रा

जम्मू। त्रिकुट की पहाड़ियों पर जंगल में आग लगने के बाद रूकी वैष्णो यात्रा दोबारा कटरा से गुरूवार की सुबह शुरू कर दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार की दोपहर को जंगल में आग लगने के बाद वैष्णो देवा यात्रा रोकी गई थी जिसे दोबारा चालू कर दिया गया। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया- कटरा से सांझीछत तक की हेलीकॉप्टर सेवा सुबह 7 बजे शुरू हो गई जबकि श्रद्धालुओं के जानेवाले बनगंगा मार्ग को भी सुबह करीब 9 बजे खोल दिया गया है। अधिकारी ने आगे बताया कि हिमकोटी मार्ग जहां से बैटरी कार चलती है उसे भी बंद कर दिया गया था लेकिन शाम तो उसे भी खोल दिया जाएगा। रेइसी के एसएसपी ताहिर सज्जाद भट ने कहा कि जंगल में लगी आग फिलहाल नियंत्रण में है।

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हेडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400